नगर निगम, शाहजहाँपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक– 03.04.2021

ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

# महानगर को गर्रा नदी पर मिली एक और पुल की सौगात, आज 9.30 बजे होगा शिलान्यास

- शासन द्वारा कुल रूपया (16.05) करोड़ की स्वीकृति जारी की गई।
- मा0 मंत्री जी द्वारा महानगर शाहजहाँपुर के गर्रा नदी पर लिफ्ट कैनाल के निकट से निमार्णाधीन जैव–विविधता पार्क तक जोड़ने हेतु गर्रा नदी पर पुल की स्वीकृति प्रदान की गई, जिसकी लम्बाई–181.035 मीटर तथा लागत–16.05 करोड़ के पुल के निमार्ण के साथ ही सम्पर्क मार्ग लगभग 400 मीटर का निर्माण किया गया है, जिसके बनने से प्रस्तावित कार्यालय भवन, अतिथि गृह एवं ई–बस चार्जिग स्टेशन से जोड़ते हुये मुख्य मार्ग को भी जोड़ेगा।
- गर्रा पुल पर पुल निर्मित होने से महानगर एक नये शहर के रूप में व सेटेलाइट के रूप में विकसित होगा,जो कि अजीजगंज से नगरिया मोड़ तथा ककरा एवं शहर को मुख्य रूप से जोड़ेगा।
- पुल बनने से महानगर वासियों को नगर की जाम समस्या से मुक्ति के साथ–साथ यातायात की भी सुगमता भी बनेगी। इसके साथ ही क्षेत्र के विकास के साथ–साथ ही व्यवसाय के अवसर भी उपलब्ध होगें।
- उक्त क्षेत्र में लगभग 10 हेक्टेयर भूमि पर नगर का सबसे बड़ा शहीदो की स्मृति मे पार्क विकसित किया गया है,जिससे सम्पूर्ण क्षेत्र में पर्यारवणीय माहौल अनुकूल रहेगा।
- पुल के निर्माण हो जाने से जैव विविधता पार्क तक पहुॅचने में सहायता मिल सकेगी।
- गर्रा नदी पर पुल के निर्माण से ककरा से लेकर अजीजगंज,नगरिया मोड़ तक व्यवस्थित रूप से नगरीकरण का विस्तारीकरण भी होगा।
- इसी के साथ ही प्रस्तावित पुल के निकट जी0जी0आई0सी0 विद्यालय का निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। नगर की छात्राओ को विद्यालय पहुॅचने में भी सुगमता होगी।

- आज दिनांक 03.04.2021 को श्री सुरेश कुमार खन्ना,मा0 वित्त,संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग उ0प्र0 सरकार द्वारा महानगर में कराये जा रहे विभिन्न विकास कार्यो का निरीक्षण किया गया,जिसमे विशेष रूप से जल निकासी हेतु महानगर के नालो, अजीजगंज मे बन्धे व सड़क निर्माण किये जाने के निर्देश दिये गये।
- पोस्टमार्टम हाउस तक सम्पर्क मार्ग बनाये जाने हेतु निर्देश दिये गये। भ्रमण के दौरान मा0 मंत्री जी द्वारा लोगो द्वारा अवैध रूप से कर रखे अतिक्रमण को स्वंय हटाये जाने की अपील की गई।
- इसी के साथ ही अजीजगंज तिराहे से डैम व नगरिया मोड़ तक निर्माणाधीन रोड का निरीक्षण किया गया,जिसमे निर्माण कार्य में उपयोग हो रही सामग्री की गुणवत्ता की जानकारी ली गई एवं निर्माण कार्य को ससमय पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये।
- निरीक्षण के समय मा0 मंत्री जी के साथ नगर आयुक्त श्री संतोष कुमार शर्मा, मुख्य अभियन्ता (सिविल) श्री दिनेश चन्द्र सचान एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

सहायक नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहाँपुर।